## खबर संक्षेप



पानीपत। बैठक लेते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डा.संजय राजपाल।

### सूर्य नमस्कार अभियान किया जाएगा तेज

**पानीपत।** जिला आयुर्वेद अधिकारी के कार्यालय में विभाग के अधिकारियों, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, योग विशेषज्ञों, योग सहायकों और योगा इंस्ट्रक्टर की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.संजय राजपाल ने कहा कि इस समय हरियाणा आयुष विभाग की सभी शहरी और ग्रामीण संस्थाओं में आयुष विभाग की सभी योजनाओं पर बड़ी तेजी से कार्य चल रहा है। इस अभियान में अब तक लगभग 90000 लोगों का रजिस्ट्रेशन करवाया है । योग आयोग एवं आयुष हरियाणा के महानिदेशक डॉ.संजीव कुमार के आदेश पर विभाग की ओर से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के कार्यक्रम जोर शोर से चल रहे हैं। जिसे अधिक तेज किया जाएगा।

### शिविर में पहुंची 70 समस्याएं, डीसी ने कहा हर समस्या का होगा समाधान

# अधिकारी रूचि लेकर तत्काल समस्याओं का करें निदान : एसपी

डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि जो समस्याएं समाधान शिविर में आ रही है उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी । फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि समस्याओं में देरी का हमारे पास कोई खाता नहीं है। जो भी समस्याएं नागरिक लेकर आ रहे हैं उनका समाधान करना पूरे प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। इसमें अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। हर अधिकारी को इस जन कल्याण के कार्य में पूरी रूचि के साथ कार्य करना चाहिए। वहीं एसपी लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसा नहीं है कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याएं इतनी बड़ी हैं कि उनका समाधान नहीं हो सकता। हर समस्या का समाधान अधिकारियों के पास है। जरूरत है तो सिर्फ उसमें रूचि लेकर उसे ईमानदारी पूर्वक सीरे चढ़ाने की। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि जो समस्याएं समाधान शिविर में आ रही है उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर में 70 समस्याएं विभिन्न विभागों से जुड़ी हुई पहुंची। लतीफ गार्डन निवासी यशपाल ने प्रशासन से प्रार्थना की कि हरियाणा परिवहन विभाग की बसें रात 10 बजे से 6 बजे तक फ्लाई ओवर के नीचे से गुजरनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया। इस मौके पर डीटीओ हजारा सिंह, कृषि विभाग के डीडीए डॉ.आत्मा राम गौदारा, पशुपालन विभाग के डीडीए डॉ. संजय आंतिल,एलडीएम राजकुमार, डीएसओ धरेंद्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुडडा,आईटीआई के प्रिसीपल डॉ. कृष्ण, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता सावित पानू, पशु पालन विभाग के एसडीओ श्रीभगवान, पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, आयुष विभाग के डॉ. संजय राजपाल, आरओ प्रदूषण बोर्ड भूपेन्द्र चहल, जिला पुलिस कैप्लेड अधिकारी सुरेश, संजीव शर्मा, जोगेंद्र के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर पैसे ऐठने का मामला दर्ज

**पानीपत।** जिले में अवैध तरीके से विदेश भेजने के नाम पर एक परिवार ने बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। गांव अदियाना के आजाद ने अपने बेटे साहिल को अमेरिका भेजने के लिए एजेंट से संपर्क किया था। एजेंट अंकुश और उसके परिवार ने 45 लाख रुपये में डंकी अवैध रास्ते से अमेरिका भेजने का सौदा किया। पीड़ित ने बताया कि 3 सितंबर 2023 को पहली किस्त के 6.50 लाख रुपए और 20 अक्टूबर 2023 को 10.50 लाख रुपये एजेंट को दिए गए। शेष 28 लाख रुपये अमेरिका पहुंचने के बाद देने का वादा था। एजेंट ने साहिल को पहले केन्या भेजा, फिर इथोपिया और वहां से 18 नवंबर 2023 को दिल्ली वापस भेज दिया। रुपये वापस मांगने पर एजेंट ने दोबारा प्रयास का आश्वासन दिया और 21 फरवरी 2024 को साहिल को थाईलैंड भेजा। वहां से मलेशिया और ईरान होते हुए 24 मार्च 2024 को उसे फिर दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस भेज दिया गया। पीड़ित परिवार ने जब पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। आरोपी अंकुश, उसके पिता प्रवीण और दादा महेंद्र सहित पूरे परिवार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



पानीपत। बजट के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला फूंकते विभिन्न संगठनों के सदस्य।

# बजट के विरोध में विभिन्न संगठनों ने किया रोष प्रदर्शन

- नेताओं ने केंद्र सरकार के जन विरोधी बजट की कड़े शब्दों में निंदा
- बजट देश की मेहनतकश जनता किसान मजदूर और कर्मचारियों के साथ विश्वास घात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट के विरोध में किसान मजदूर कर्मचारी संगठनों ने पानीपत जीटी रोड लाल बत्ती पर रोष प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के जन विरोधी बजट का विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य अध्यक्ष मा.वजीर सिंह,सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान बलवान सिंह, जिला प्रधान शीशपाल मलिक, सचिव भले राम शर्मा, किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, कंवर सिंह छौक्कर, सीटू जिला सचिव जय भगवान, इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान नवीन सपड़ा, एटक जिला प्रधान पवन सैनी एडवोकेट, संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी जिला संयोजक जयकरण कादियान आदि ने किया। सभी नेताओं ने केंद्र सरकार के जन विरोधी बजट की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बजट देश की मेहनतकश जनता किसान मजदूर और कर्मचारियों के साथ विश्वास घात है। इस बजट से जनता को बढ़ती महंगाई से निजात नहीं मिलेगी और न ही नए रोजगार विकसित होंगे।

# महिलाओं और लड़कियों के लिए दुनिया सरल नहीं : डॉ.पूनम पांचाल

- आईबी कालेज में यौन उत्पीडन पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मुख्यावक्ता डॉ.पूनम पांचाल को सम्मानित करते हुए प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक । फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यौन शोषण समिति,आतंरिक शिकायत समिति के तत्त्वाधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।डीएवी करनाल से सहायक प्रवक्ता साइकोलॉजी विभाग डॉ. पूनम पांचाल मुख्यावक्ता रही। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, उप्रचार्या डॉ.किरण मदान एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ.शर्मिला यादव द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि जो हम अपनी बहन बेटियों के साथ होते नहीं देख सकते वह किसी की भी बहन बेटी के साथ नहीं होना चाहिए। यौन उत्पीड़न वर्तमान समाज की गंभीर समस्या है। मुख्यावक्ता डॉ.पूनम पांचाल ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के लिए दुनिया सरल नहीं है। यह उत्पीड़न अवैध एवं अवांछित व्यवहार है। यह मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों में से एक है। मंच संचालन डॉ.शर्मिला यादव ने किया। कमेटी के सदस्य डॉ.नेहा पुनिया, डॉ.अंजलि आर्या, संगीता, डॉ.नरवीर उपप्राचार्या डॉ.किरण, डॉ.नीलम, डॉ.पूनम मदान, डॉ.अर्पणा, डॉ.सीमा, डॉ.जोगेश, निशा व मनीत कौर आदि मौजूद रहे।

# बच्चे हमारी शैक्षणिक संपदा हैं और उनका विकास हमारे समाज का भविष्य तय करेगा

- निर्मला देशपांडे संस्थान के स्कूल में रिफाइनरी ने बांटे थैले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अपना स्कूल में संचालकों के साथ रिफाइनरी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

माता सीता रानी सेवा संस्था के अंतर्गत चल रहे निर्मला देशपांडे संस्थान में पानीपत रिफाइनरी के अधिकारियों द्वारा स्कूली बच्चों को कई प्रकार के उपहार भेंट किए गए। जिसमें नए सत्र के लिए 200 बैग्स भी शामिल थे। मुख्य अतिथि रिफाइनरी के प्रबन्ध निदेशक शैलेश तिवारी ने कहा कि बच्चे हमारी शैक्षणिक संपदा हैं और उनका विकास हमारे समाज का भविष्य तय करेगा। आज के बच्चे कल के नेता बनेंगे। यह संस्थान वास्तव में जन सेवा का अनुकरणीय कार्य कर रहा है। वहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया कि इन बैग्स को पुस्तकों, वर्दी और नोटबुक से भरकर बच्चों तक पहुंचाया जाएगा।

संस्था की महासचिव पूजा सैनी ने संस्था द्वारा विगत 33 वर्षों से महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

हाली अपना स्कूल की मुख्य अध्यापिका प्रिया लूथरा ने स्कूल की गतिविधियों को बताया। चीफ जनरल मैनेजर शरद अग्रवाल, हरि शंकर राय, श्वेता तिवारी तथा रेणु राणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विशाल,यशवंत गोरख, राजीव रंजन, हरपाल सिंह, विनीता अग्रवाल, नीमा गोरख,विनीता झा,सुमन टूटो, यश बंसल,रेहाना खान,हरविंद्र कोर, मधु यादव,रोजी चावला ,सोनिया गर्ग, त्रुति जैन आदि मौजूद रहे।

# अपने बड़ों का सम्मान करें तथा चरित्रवान बनें : कृष्णा खत्री

- स्वयं सेवा करने से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली



पानीपत। शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए अतिथि । फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन किया गया।

समापन पर बापौली खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री तथा राष्ट्रीय सेवा योजना पानीपत के संयोजक सुनील मलिक उपस्थित रहे। बीईओ कृष्णा खत्री ने शिविर में भाग ले रही छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने बड़ो का सम्मान करना, पौष्टिक तथा संतुलित आहार लेना, बचत करना व अपने चरित्र का निर्माण करना शुरू करें। सुनील मलिक ने कहा कि एनएसएस हमारे चरित्र का निर्माण करती है। स्वयं सेवा करने से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रधानाचार्या बिंदिया ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

वहीं मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर खुशी, कनिष्का अग्रवाल, पलक, रूपा, मिनाक्षी, तन्नू ,निशा, पूजा, सपना,सुनीता, शीला,ऋ तु, अनुराधा, ऊषा, सुनील वत्स, आजाद सिंह, कुलदीप सिंह, गुलशन व राजीव उपस्थित रहे।

## बैटरी स्मार्ट ने पानीपत में किया स्टेशन पार्टनर सम्मेलन



पानीपत। बैटरी स्मार्ट के स्टेशन पार्टनर सम्मेलन में मौजूद पार्टनर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बैटरी स्मार्ट जो बैटरी स्वॉपिंग नेटवर्क है ने हाल ही में पानीपत में स्टेशन पार्टनर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें 30 से ज्यादा स्टेशन पार्टनरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ईवी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान किया गया। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि स्टेशन पार्टनर और ड्राइवर शहर की स्थायी गतिशीलता को बढ़ावा देने में कितनी अहम् भूमिका निभाते हैं। पानीपत के चंद्र प्रकाश और करनाल के गौरव सहित कई अन्य पार्टनरों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और सुरक्षित बैटरी स्वॉपिंग के लिए सम्मानित किया गया। सुमी जैन सीनियर डायरेक्टर पार्टनर ऑपरेशन्स ने कहा कि बैटरी स्मार्ट के स्टेशन पार्टनर ईवी को अपनाने में तेजी ला रहे हैं। जिससे शहर के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिल रही है।

# एनसी मेडिकल कॉलेज ने किया पुलिस लाइन में कैंप आयोजित

- कैंप का शुभारंभ डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स व एडिशनल एमएस डा. संतलाल वर्मा ने रिबन काटकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। कैंप में मरीज की जांच करते डाक्टर । फोटो : हरिभूमि

एनसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल इसराना पानीपत द्वारा पुलिस लाइन पानीपत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर लगाया गया। कैंप का शुभारंभ डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स व एडिशनल एमएस डा. संतलाल वर्मा ने रिबन काटकर किया। शिविर में एनसी मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के सीनियर डॉक्टर, मेडिसिन, सर्जरी ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, बच्चों के स्पेशलिस्ट,नेत्र रोग, लैब टेस्ट द्वारा पुलिस कर्मियों की जांच परामर्श दी गई। डीएसपी सतीश वत्स ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के लिए एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य जांच करना सराहनीय कार्य है। डॉ.संतलाल वर्मा ने कहा एनसी मेडिकल कॉलेज जगह-जगह पर निःशुल्क कैंप लगाकर लोगों को सेवाएं दे रहे हैं।

## दयाल सिंह स्कूल में गणित पर कार्यक्रम आयोजित



पानीपत। कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आज गणित विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने की। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से सातवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गणित के विषय पर कविता, अभिनय नाटक और लघु नुक्कड नाटिका, सुडोकू, रूबिक क्यूब और सामूहिक नृत्य आदि गतिविधियों की सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से जीवन के हर क्षेत्र में गणित की उपयोगिता को दर्शाया है। बच्चों ने क्यूब सॉल्व प्रतियोगिता और सुडोकू प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

**बैठक** आंदोलन को लेकर रिटायर कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

# पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते रिटायर कर्मचारी संघ के सदस्य।

रिटायर कर्मचारी संघ जिला कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान शीशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जिला सचिव भलेराम शर्मा ने किया। मीटिंग में राज्य के प्रधान मा.वजीर सिंह,राज्य के वरिष्ठ प्रधान बलवान सिंह नांदल व राज्य संगठन सचिव प्रीतम रावल ने विशेष रूप से भाग लिया। मा.वजीर सिंह ने कहा पूरे प्रदेश में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक विशेष सदस्यता अभियान चला कर प्रदेश के सभी विधायकों व मंत्रियों को मांग पत्र दिया जाने का कार्यक्रम है। जिसके तहत आज पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया। रिटायर कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं। अगर समय रहते हरियाणा सरकार द्वारा समस्याओं का हल नहीं किया तो संघ आगामी आंदोलन की घोषणा करने को मजबूर होगा। मीटिंग को सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी,किसान सभा के सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल, नरेश कुमार, सितेंद्र, मुकेश कुमार, ईश्वर शर्मा, कलीराम, रामपाल कुंडू, सुरेंद्र जागलान, मा.शिवचंद, सतवीर, सीताराम, ओमप्रकाश, जय भगवान, ईश्वर सिंह व कृष्णा रावल आदि ने संबोधित किया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

निर्मला रानी धर्मपत्नी श्री गिरधारी लाल निवासी मकान नं.157/1, बालमिकी बस्ती, कलन्दर चौंक, पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि निर्मला रानी धर्मपत्नी श्री गिरधारी लाल निवासी मकान नम्बर 157/1, बालमिकी बस्ती, कलन्दर चौंक, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति गिरधारी लाल पुत्र श्री रामलाल निवासी वार्ड 12, पानीपत की दिनांक 18.08.2017 को मृत्यु हो चुकी है, एवम गिरधारी लाल की माता श्रीमती रामरखी की भी काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। चंचल सहगल, नगर निगम पार्षद पानीपत तथा सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:- 1. निर्मला रानी पत्नी स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल यानि कुल 1 ही वारिस है। इनके इलावा मृतक गिरधारी लाल पुत्र श्री रामलाल का अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवम इतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

